मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 10 | अंक - 34 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 15 मई से 21 मई 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

## चार कदम समाचार पत्र चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित

# समाज रत्न समारोह कार्यक्रम धूम धाम से संपन्न हुआ

**दिल्ली,** 14मई 2023 दिन रविवार को न्यू महाराष्ट्र के ऑडिटोरियम में चार कदम समाचार पत्र चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में समाज रतन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद जी दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल जी सेना के पूर्व मेजर जनरल श्री पीके सहगल जी एसीपी दिल्ली पुलिस विजिलेंस श्री वीरेंद्र कुंजी विधायक विनय मिश्रा विधायक अभय वर्मा विधायक भावना गौड़ विधायक कुलदीप कुमार और ओबीसी कमिशन के चेयरमैन श्री जगदीश यादव जी अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन जाकिर खान सोशल व सिंगर ममता चौधरी और अनेकों अनेक प्रमुख समाजसेवी व शिक्षाविद कार्यक्रम में शामिल








हुए करीब 30 लोगों को पूरे देश से सम्मानित किया गया. छत्तीसगढ़ से संध्या चंद्र सेन, मनीषा सामुएल व आदी महिलाओं को भी सम्मानित किया गया. उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश से हरियाणा से बिहार से पंजाब व महाराष्ट्र से छोटेलाल शर्मा संपादक कदम कदम पर को और दिल्ली से



अनेकों शिक्षा वेद, समाजसेवी, डॉ. और स्पोर्ट्स एवं संगीत के क्षेत्र में आदरणीय कार्य करने वाले लोगों को समाज रत्न से सम्मानित किया गया. 11:00 कार्यक्रम की शुरूआत मेजर जनरल पीके सहगल और संस्था के चेयरमैन जयकिशन ठाकुर ने दीप प्रज्वलित करके किया. किड्स पब्लिक स्कूल और सुनहरा बचपन पब्लिक स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य कर सबका मन मोह लिया. ममता चौधरी जी ने एक सुंदर पंजाबी सॉन्ग से सबका मन मोह लिया. पारुल सिंह नूर उर्दू की शायरी कर सबको मकद मुक्त कर दिया. कार्यक्रम की सफलता की सबने कामना की और हमेशा संस्था को सहयोग करने की बात कही चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन के चेयर मैन जयकिशन ठाकुर जी के शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनिल शर्मा महाराष्ट्र से 1 लैपटॉप फ्री देने के लिए कहा और इस अभियान को और आगे बढ़ाने के लिए आगे भी हर संभव मदद के लिए अनिल शर्मा ने जयकिशन ठाकुर को दिया आश्वासन. कार्यक्रम की सफलता की सबने कामना की और हमेशा संस्था को सहयोग करने की बात कही.

## अनिल शर्मा ने की जयपाल शर्मा से नालासोपारा में मुलाकात




**नालासोपारा,** अनिल शर्मा ने अपनो से मिलने के लिए नालासोपारा और जोगेश्वरी का दौरा किये नालासोपारा में जयपाल शर्मा वरिष्ठ समाज सेवक के निवास स्थान पर की बैठक जिसमे धर्मेन्द्र शर्मा भजन गायक कलाकार हड़िया,अवधेश शर्मा युवा नेता,अनंतलाल शर्मा कार्याध्यक्ष अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई, उपस्थित थे.


जयपाल ने समाज को आगे बढ़ाने केलिए कई महत्व पूर्ण विषयो पर प्रकाश डालें साथ ही साथ शिक्षा को बढ़ाने के लिए जोर दिए बोले बिना शिक्षा के समाज के विकाश की कल्पना नहीं किया जा सकता, जोगेश्वरी में जयनाथ शर्मा अध्यक्ष जोगेश्वरी, राजेश शर्मा सचिव, अजय शर्मा उप सचिव से अनंत लाल शर्मा अनिल शर्मा ने की मुलाकात, जिसमे राहुल शर्मा अध्यक्ष नालासोपारा के बेटे को बाइक से चोट आने से भर्ती होने की जानकारी लिया गया और राहुल जी को अनिल शर्मा सहित सभी लोगो ने कॉल करके हाल चाल लिए और राहुल जी के इस दुःख से निजात पाने के लिए इस्वर से की प्राथना बच्चा जल्दी स्वस्थ होकर घर वापस आये.

## पहल परिवार का राजनीतिक आगाज –अनिल शर्मा

**मुंबई,** पहल परिवार द्वारा आयोजित पहल मुखिया सम्मान समारोह बहुत तेजी गति से जनपद प्रयागराज एवं आस-पास जनपदों में चल रहा उसी क्रम में कल दिनांक 13 / 5 / 2023 को साहसो में एक कार्यक्रम मुखिया सम्मान का संपन्न हुआ जिसमें काफी संख्या में बुजुर्गों को मुखिया सम्मान से सम्मानित किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पहल परिवार के संस्थापक डॉक्टर सुरेश सेन जी रहे. डॉ सेन जी ने अपने लोगों को संबोधित करते हुए सभी से विनम्र अपील की हम सभी लोग एक साथ इकट्ठा होकर अपनी जो भीड़ है. अपनी जो संख्या है उसको प्रदर्शित करें जिससे राजनीतिक पार्टिया देखें. सविता सेन समाज उत्तर प्रदेश में काफी तादाद संख्या में है, इनको भी राजनीति में हिस्सेदारी मिलने चाहिए. डॉ सेन जी ने युवाओं को राजनीति में आने के लिए बहुत प्रेरित किया की युवा जिस दिन आगे आ जाएगा राजनीति में उसी दिन समाज का गति से विकास होगा और समाज राजनीति में तेज गति से पूरे उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ेगा. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अध्यक्ष अधिवक्ता हाई कोर्ट महानगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी राजेश शर्मा जी रहे. उन्होंने समाज के सभी सम्मानित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने समाज के मसीहा जननायक कर्पूरी ठाकुर के विषय में खासकर हमारे नौजवान साथियों को जानना चाहिए. जननायक कर्पूरी ठाकुर का इतिहास



नौजवानों को मोबाइल में सर्च करके देखे तो भी मिल जाएगा. अपने समाज के मसीहा ने कितना बड़ा संघर्ष किया उनका नाम जननायक कैसे पड़ा. बिहार जैसे सामंतवादी प्रदेश में उन्होंने कितना बड़ा संघर्ष किया और राजनीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए बिहार प्रदेश मुख्यमंत्री आजीवन विधायक रहे. हमारे मसीहा जननायक कर्पूरी ठाकुर हम सबके लिए एक इतिहास है. हम सब को जानना चाहिए और राजेश जी ने युवाओं से खासकर अपील की कि आप लोग राजनीति में आगे आए. समाज के लोगों से आपसे बहुत बड़ी उम्मीद है. आप राजनीति में आगे बढ़ेंगे समाज आगे बढ़ेगा. इसको समझने और रखने की जरूरत है. समाज को राजनीतिक भागीदारी कैसे मिले इसके लिए हम लोग रात दिन मेहनत कर रहे हैं. उत्तर प्रदेश के हर जनपद में हम लोग जा रहे हैं और अपने लोगों को समझाने की बात कर रहे हैं. आप लोगों से मेरी विनम्र निवेदन है कि आप लोग भी हम सब का साथ दीजिए जिससे



आने वाले समय में हमारे भी लोग लखनऊ से दिल्ली का रास्ता तय कर सके. इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आदरणीय कमलेश शर्मा जी ने भी अपने सुझाव दिए. लोगों को समाज के कार्यक्रम इकट्ठा होने एवं समाज को आगे बढ़ाने में आप सभी मदद करें और इसी मदद से हम लोग आगे बढ़ेंगे. इस कार्यक्रम में अध्यक्षता रिटायर्ड अध्यापक जूनियर हाई स्कूल नन्हे लाल शर्मा जी ने किया. संचालन सैलून एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रयागराज सागर शर्मा जी ने किया कार्यक्रम आयोजक इंजीनियर प्रदीप शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन जागृति सेवा संस्थान एवं डीके शर्मा जिला महासचिव अपना दल एस प्रयागराज गंगा पार उपस्थित सभी सज्जनों ने अपने अपने विचार रखे. समाज के सभी सम्मानित बुजुर्गों ने नौजवानों को पहल परिवार से जुड़ने की अपील की. पहल परिवार से ही समाज में एक नई क्रांति पैदा होगी. इस अवसर पर उपस्थित अशोक शर्मा जी, शिव प्रसाद शर्मा जी, राजेश शर्मा, सोनौटी से जितेंद्र कुमार शर्मा जी, महेंद्र शर्मा जी, तिवारीपुर ग्राम सभा के पूर्व प्रधान आदरणीय शिवप्रसाद शर्मा जी, दिलीप शर्मा जी, मिथुन शर्मा जी, महेश शर्मा जी, ताराचंद शर्मा जी, राजेश शर्मा जी, संजय शर्मा, सिंगर नीरज शर्मा जी, सैदाबाद से एवं तमाम सम्मानित युवा बुजुर्ग समाज के लोग उपस्थित रहे.



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# विपक्षी एका की संभावना

**इस पर आश्चर्य नहीं कि कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद विपक्ष को एकजुट करने की पहल तेज होती दिख रही है। कर्नाटक के चुनाव परिणामों से कांग्रेस का उत्साहित होना समझ आता है, लेकिन यह विचित्र है कि उससे अधिक उत्साह क्षेत्रीय दल दिखा रहे हैं। उनकी मानें तो एकजुट होकर आगामी आम चुनाव में भाजपा को हराया जा सकता है।**

**ऐसी कोई सूरत बन भी सकती है, लेकिन इसके लिए सबसे पहले विपक्षी दलों को कांग्रेस के नेतृत्व में एकजुट होना होगा और फिर देश की जनता के समक्ष ऐसा कोई एजेंडा और विमर्श रखना होगा जो उसे आकर्षित कर सके। भाजपा को सत्ता से हटाना कोई एजेंडा नहीं हो सकता। एजेंडा तो यह होना चाहिए कि भाजपा को हटाकर विपक्षी दल करेंगे क्या?**

**वैकल्पिक एजेंडा पेश करने का काम तभी हो सकता है जब विपक्षी दल कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाएं और यह भी बताएं कि वे उस पर अमल कैसे करेंगे। ऐसा कोई कार्यक्रम उस रेवड़ी संस्कृति के सहारे तैयार नहीं किया जा सकता जो पिछले कुछ समय से बेलगाम होती दिख रही है। विपक्षी एकता का सपना केवल क्षेत्रीय दलों के एक मंच पर आने से साकार होने वाला नहीं है। अतीत में ऐसा कई बार हो चुका है, लेकिन विपक्षी एकता कोई ठोस आकार नहीं ले सकी।**

**विपक्ष को एकजुट करने की पहल के साथ जनता के सामने यह स्पष्ट किया जाना भी आवश्यक है कि विपक्षी दलों का नेता अर्थात प्रधानमंत्री पद का दावेदार कौन होगा। इस तरह के दावों से बात नहीं बनने वाली कि नेता का चयन चुनाव बाद किया जाएगा। आखिर जो काम चुनाव के बाद करना है वह पहले क्यों नहीं किया जा सकता। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि क्षेत्रीय दलों के कई ऐसे नेता हैं जो विपक्ष की एकता की पहल आगे बढ़ाने के नाम पर प्रधानमंत्री पद की अपनी दावेदारी मजबूत करने में लगे हुए हैं। कुछ तो ऐसे भी हैं जो कांग्रेस को साथ लिए बगैर विपक्ष को एकजुट करने का सपना संजोए हुए हैं। यह समझने की आवश्यकता है कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता की बातों का कोई मूल्य-महत्व नहीं।**

**विडंबना यह है कि कई क्षेत्रीय राजनीतिक दल इस फेर में हैं कि कांग्रेस कम से कम सीटों पर आगामी लोकसभा चुनाव लड़े। कुछ तो उसे 250 सीटों तक ही समेट देना चाहते हैं। यह और कुछ नहीं कांग्रेस को कमजोर करने की रणनीति ही जान पड़ती है। कांग्रेस को इस रणनीति से सावधान रहने की आवश्यकता है। वैसे भी वह क्षेत्रीय दलों के लिए अपनी काफी राजनीतिक जमीन छोड़ चुकी है। यही कारण है कि आज ऐसे कई राज्यों में वह तीसरे, चौथे नंबर का राजनीतिक दल बनकर रह गई है जो कभी उसके गढ़ हुआ करते थे। निःसंदेह कांग्रेस ही विपक्ष को एकजुट करना चाहेगी, लेकिन उसे यह काम अपनी मौजूदा राजनीतिक जमीन को बचाए रखते हुए करना होगा।**


# १० दिनों में पूरा होगा ऐतिहासिक सुरंग को खोदने का काम

**मुंबई,** मनपा की महत्वाकांक्षी परियोजना कोस्टल रोड का काम तेजी से पूरा होने की ओर बढ़ रहा है। इस परियोजना के तहत अरब सागर के नीचे से बनाई जानेवाली जुड़वां सुरंगों की खुदाई का काम लगभग पूरा होनेवाला है। मात्र ७० मीटर दूरी तक खुदाई का काम बचा हुआ है। पिछले २ वर्षों से अधिक समय से मावला नामक टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) सुरंग की खुदाई में जुटा हुआ है। अगले १० दिनों में मावला ७० मीटर सुरंग की खुदाई पूरी कर लेगा और इसी के साथ देश की ऐतिहासिक सुरंग को खोदने का काम पूरा हो जाएगा। अधिकारियों की मानें तो मावला अगले १० दिनों में अपनी जंग जीत लेगा। कोस्टल रोड परियोजना के तहत प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाईओवर से बांद्रा-वर्ली-सी लिंक के वर्ली छोर तक कुल १०.५८ किमी लंबी सड़क परियोजना है। इस परियोजना के तहत २.०७ किमी लंबी सुरंग बनाई जा रही है। जो प्रिंसेस स्ट्रीट मरीन ड्राइव से प्रियदर्शनी पार्क तक बनाई जा रही है। जुड़वां सुरेंग हैं। एक की खुदाई का काम पिछले साल ही हो चुका था, दूसरी को मार्च से खोदने की शुरूआत की गई थी। अब उसका काम भी पूरा होनेवाला है। यह सुरंग अत्यंत आधुनिक होंगी। सुरंग को १० से ७० मीटर नीचे से तक बनाया जा रहा है। समुद्र के नीचे से जानेवाली देश की यह पहली सुरंगें होंगी। सुरंग के अंदर वेंटिलेशन की व्यवस्था होगी, चिकित्सा सेवा और अन्य आधुनिक तकनीकी का भरपूर उपयोग किया जाएगा, ताकि यातायात के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो। कोस्टल रोड परियोजना में समुद्र के नीचे सुरंग की खुदाई के लिए देश की सबसे बड़ी टीबीएम का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस टीबीएम मशीन का नाम तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने स्वयं 'मावला' रखा है। इस मावला की ऊंचाई ४ मंजिला इमारत के बराबर है।



इस बारे में कोस्टल रोड परियोजना के मुख्य अधिकारी एम. स्वामी ने बताया कि उक्त परियोजना में सुरंग खोदने का काम तेजी से चल रहा है। मावला अपनी रफ्तार से इसकी खुदाई कर रहा है। आनेवाले कुछ दिनों में दूसरी सुरंग की खुदाई का काम भी पूरा कर लिया जाएगा।

## बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद खाली, कैसे पढ़ेंगे गरीब-आदिवासियों के बच्चे?



**पालघर,** विश्वगुरु बनने की चाहत रखनेवाले हिंदुस्थान में गुरुओं की इतनी कमी है कि हजारों की संख्या में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। देश में जहां एक तरफ रोजगार की मार है, वहीं शिक्षा क्षेत्र में रिक्त पदों की भरमार है। देश भर में शिक्षा जितनी तेजी से महंगी होती जा रही है, उतनी ही तेजी से बच्चों तक उसकी पहुंच भी कम होती जा रही है। ऐसे में पालघर जिले के गरीब-आदिवासी इलाकों में शिक्षकों की कमी से करीब १०० स्कूल बंद होने की कगार पर हैं, जिससे बड़ी संख्या में बच्चों के भविष्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

राज्य सरकार ने अन्य जिलों में शिक्षकों के ट्रांसफर की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की थी। स्थानांतरण के लिए आवेदन करनेवाले ४८६ में से ४६७ पात्र शिक्षकों के स्थानांतरण आदेश स्वीकृत किए गए।

# १२ साल बाद भी मुंबई-गोवा हाईवे का काम ठप निकलेगी रैली

**मुंबई,** महाराष्ट्र के कोकण से सटे हुए गोवा तक की सड़क भी खस्ताहाल है। खराब सड़कों के चलते हजारों लोगों की जान हर साल उस सड़क पर हादसों से जाती है। लेकिन फिर भी सरकार की आंखे नहीं खुल रही हैं। १२ साल बाद भी मुंबई-गोवा हाईवे का काम ठप है। समय-समय पर कोर्ट के आदेश, सरकार के मंत्रियों के भारी वादे और सरकार की ओर से प्रशासन को दिए गए आदेश के बावजूद भी काम ठप है। सरकार और अधिकारियों के आदेश को ठेकेदार अनसुना कर रहे हैं। यहां सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी के लोग खराब सड़क पर यात्रा करने को मजबूर हैं।



प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ कोकण क्षेत्र से जुड़ी तमाम संस्थाओं ने अब हाथ मिलाया है और राज्य की शिंदे- फडणवीस सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने की घोषणा की है। अपनी नाराजगी व्यक्त करने और इस मुद्दे पर सभी कोकणवासियों को एक बार फिर से संगठित करने के लिए मुंबई-गोवा राजमार्ग जन आंदोलन समिति विरोध प्रदर्शन करेगी। कामोठे टोल प्लाजा से रविवार ७ मई, २०२३ को शाम ४ बजे दोपहिया रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली शाम करीब ६.३० बजे खरपाड़ा टोल प्लाजा पर समाप्त होगी। खरपाड़ा में समापन बैठक होगी और अगले निर्देश की घोषणा की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुंबई-गोवा महामार्ग पर ४५१ किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य होना था। प्रशासन, राजनीतिक नेतृत्व, ठेकेदारों और स्थानीय व मुंबई-ठाणे की जनता के समन्वय से बड़े पैमाने पर बचे हुए कार्य शुरू किए गए थे। पलस्पे से कासू फेज का कार्य के लिए आदेश मिलने के बाद ठेकेदार जे. एम. म्हात्रे ने काम शुरू किया। यहां प्रति महीने ४ किमी सड़क बनाने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पिछले एक माह में यहां ढाई किलोमीटर से भी कम सड़क ही बन पाई है।

कासू से इंदापुर तक दूसरे चरण का काम अभी शुरू भी नहीं हुआ है। साथ ही परशुराम घाट, संगमेश्वर, लांजा के क्षेत्रों में भी काम अभी अधूरा है, ऐसे में इस परियोजना को पूरा न होने से नाराज लोगों ने मुंबई-गोवा महामार्ग जन आक्रोश समिति का गठन किया है। इसके तहत दर्जनभर संगठन एक साथ आए हैं।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# महाराष्ट्र में बढ़ रही हैं सड़क दुर्घटनाएं!

## ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान करने में उचित जांच की कमी

**मुंबई,** ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान करने में उचित जांच की कमी और कानून में खामियों के कारण महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, ऐसा जानकारों का कहना है। महाराष्ट्र परिवहन विभाग द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के अनुसार, ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करनेवाले ३२.०४ लाख नागरिकों में से ९७.२४ प्रतिशत ने टेस्ट पास किया था, जबकि केवल २.४ प्रतिशत विफल रहे और ०.३६ प्रतिशत नहीं आए। आंकड़ों में कहा गया है कि महाराष्ट्र में ५० क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) में से १४ में ड्राइविंग टेस्ट आवेदकों में फेल होनेवाले आवेदकों की



दर १ प्रतिशत से भी कम थी, जबकि केवल ६ आरटीओ में आवेदकों की विफलता दर ५ प्रतिशत से अधिक थी।

गंभीर बात यह है कि कुछ आरटीओ कार्यालयों में विफलता दर ०.५० प्रतिशत से भी कम थी और कुछ में यह ७-८ प्रतिशत से अधिक थी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह दुर्घटनाओं के बारे में सुनते हैं, जहां कई निर्दोष लोग जीवन गंवा दे रहे हैं। आवेदकों के सुरक्षित ड्राइविंग स्किल्स की गंभीर रूप से जांच करने की प्रक्रिया में सुधार करने की आवश्यकता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल कुशल ड्राइवरों को ही अनुमति दी जाए।'

आवेदकों के ड्राइविंग कौशल और यातायात नियमों और विनियमों के ज्ञान का आकलन करने के लिए आरटीओ द्वारा ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाते हैं। हालांकि, ड्राइविंग टेस्ट देने से पहले आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस हासिल करना होता है, जो छह महीने के लिए वैध होता है। दिलचस्प बात यह है कि ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की तुलना में २०२२ में लर्निंग लाइसेंस टेस्ट की विफलता दर अधिक थी, यह परिवहन विभाग के रिकॉर्ड से पता चला।

२०२२ में लर्निंग लाइसेंस के लिए १८.८० लाख आवेदकों में से ९.२३ प्रतिशत (१.७३ लाख) परीक्षा में असफल रहे थे।

# रिफाइनरी को गुजरात ले जाएं, महाराष्ट्र में अच्छे प्रॉजेक्ट्स लाएं, उद्धव ठाकरे ने किया बारसू का दौरा

**मुंबई:** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि रत्नागिरी जिले के बारसू में प्रस्तावित तेल रिफाइनरी को गुजरात में स्थानांतरित कर देना चाहिए और अच्छी निवेश वाली परियोजनाओं को महाराष्ट्र में ले आना चाहिए। बारसू में प्रस्तावित रिफाइनरी परियोजना स्थल का दौरा करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में पर्यावरण प्रदूषण फैलानेवाली किसी भी नुकसानदेह परियोजनाओं की जरूरत नहीं है। बारसू रिफाइनरी का भी विरोध हो रहा है, इसलिए यह परियोजना भी गुजरात लेकर जाएं। बता दें कि उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को बारसू गांव पहुंचे थे। यहां तेल रिफाइनरी के लिए मिट्टी की टेस्टिंग की जा रही है। इस परियोजना का विरोध करने वाले ग्रामीणों से भी ठाकरे ने मुलाकात की। उन्होंने सरकार को प्रदर्शनकारियों के समक्ष आकर इस परियोजना का समर्थन करने की चुनौती दी। हालांकि, बीजेपी नेताओं ने इस प्रॉजेक्ट के समर्थन में एक रैली निकाली।

ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने ही रिफाइनरी परियोजना के लिए बारसू का नाम सुझाया था, लेकिन उन्होंने यह कभी नहीं कहा था कि 'भले ही प्रदर्शनकारियों' का सिर फोड़ना पड़े या उन्हें परेशान करना पड़े, रिफाइनरी परियोजना स्थापित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के बल्क ड्रग्स पार्क, वेदांता-फॉक्सकॉन और टाटा-एयरबस परियोजनाओं को गुजरात लेकर चले गए। ऐसी अच्छी परियोजनाओं की महाराष्ट्र को सख्त जरूरत है। इसमें कोई विवाद नहीं है। ठाकरे ने कहा कि वह ऐसी कोई विकास परियोजना लागू नहीं होने देंगे, जिससे लोगों के हितों और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा हो।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनमें प्रदर्शनकारियों का सामना करने की ईमानदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार को किसी भी परियोजना को लागू करने से पहले स्थानीय लोगों से बातचीत करनी चाहिए। ठाकरे ने कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे तो समृद्धि राजमार्ग के निर्माण के दौरान इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हुए थे, लेकिन हमने प्रदर्शनकारियों से बात की। हमने विकास को बाधित किए बिना रास्ता निकाला।

एक तरफ उद्धव ठाकरे परियोजना का विरोध करने वालों से मिल रहे थे, वहीं बीजेपी विधायक नितेश राणे और पूर्व सांसद निलेश राणे इस रिफाइनरी परियोजना के समर्थन में रैली निकाली। निलेश राणे ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए ठाकरे ने परियोजना का समर्थन किया था, लेकिन अब वह उसका विरोध कर रहे हैं क्योंकि वह विपक्ष में हैं।

# घाटकोपर में ट्रैफिक समस्या होगी दूर

## विद्याविहार ब्रिज के निर्माण में आई तेजी


**मुंबई.** घाटकोपर में होने वाली ट्रैफिक समस्या से लोगो को जल्द निजात मिलेगी। लाल बहादुर शास्त्री मार्ग (एलबीएस) एवं रामकृष्ण चेंबूरकर मार्ग को जोड़ने वाले ब्रिज के निर्माण का काम जोरो पर चल रहा है। विद्याविहार रेलवे स्टेशन के पास ब्रिज के निर्माण में 100 मीटर लंबा का पहला गर्डर डालने को लेकर मनपा ने मध्य रेलवे को मेगा ब्लॉक करने का प्रस्ताव भेजा है।



विद्याविहार स्टेशन के पास डाला जाने वाला गर्डर अब तक का सबसे बड़ा गर्डर होगा। बता दे कि मनपा द्वारा विद्याविहार रेलवे स्टेशन के पास घाटकोपर की ओर रेलवे लाइन के ऊपर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है. कल्याण के पतरी पुल की ही तरह इस पुल के बीच में एक भी पिलर नहीं होगा. इस ब्रिज को बनाने के लिए वर्ष 2016 में प्रारूप तैयार किया गया था जिसे 2022 में पूरा किया जाना था. रेल मंत्रालय के अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) ने पुल के प्रुप में बदलाव सुझाया था. जिसकी वजह से रेलवे की अनुमति से रेलवे के क्षेत्र में आने वाले पुल के नक़्शे में बदलाव किया गया. ब्रिज बनाने में आई अड़चन के बाद ब्रिज के निर्माण की समय सीमा बढ़ा कर वर्ष 20 24 की गई. इस ब्रिज के निर्माण में 99.30 मीटर लंबा दो गर्डर बिठाया जाना है. जिसके लिए मेगा ब्लाक लेना पड़ेगा. पहला गर्डर बिठाने के लिए मनपा की तरफ से रेलवे को प्रस्ताव भेजा गया है. पहला गर्डर बिठाने के 6 माह बाद दूसरा गर्डर बिठाया जाएगा. पुल के पूर्व एवं पश्चिम की तरफ अन्य काम को वर्ष 2024 तक पूरा होना है.



छोटेलाल शर्मा संपादक जी आर बी टेक कंप्युटर के मैनेजर सुनील शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की और छोटेलाल शर्मा ने आशीर्वाद देते हुए कहा इतने कम उम्र में बिजनेस ब्यापार को चलाना आशान नहीं है लेकिन सुनील जी ये काम करके ये युवाओ को एक नया संदेश देने का काम कर रहे है जो काबिले तारीफ है ऐसे ही दिन दूनी रात चौगुनी विकास करे यही मेरा शुभकामनाये है. सुनील शर्मा ने 1 पेन और सम्मान चिन्ह देकर छोटेलाल शर्मा संपादक जी का किया सत्कार.



जागतिक मातृ दिवस पर सासुमा का पुजन राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना, महाराष्ट्र प्रदेश के orse करते हुए अध्यक्ष अशोक पवार, सौ लता अशोक पवार, सौ भारती जी दीपकजी sakla बैजापूर।।

# संपादक छोटेलाल शर्मा का भव्य सत्कार किये हरद्वारी लाल आर्य नन्द ने

**दिल्ली** , दिनांक 14 मई 2023 को छोटेलाल शर्मा संपादक कदम कदम पर ने चार कदम समाचार पत्र द्वारा आयोजित समाज रत्न समारोह में सम्मिलित हुए जहाँपर उस कार्यक्रम में ए आई एम सी ई ए के राष्ट्रीय अपर महासचिव हरद्वारी लाल आर्य भी आये थे छोटेलाल शर्मा से मिलकर अपने घर आने का निमंत्रण दिए जहा पर छोटेलाल शर्मा ने शाम को उनके घर पहुंचकर समाज के विकास पर कई महत्त्व पूर्ण विषयो पर चर्चा किये इसके बाद भोजन कर अपने रुम पर आये हरद्वारी लाल आर्य ने छोटेलाल शर्मा को सम्मान चिन्ह देकर स्वागत किये



## बढ़ती गर्मी का असर

# विकास और जीडीपी पर

**मुंबई,** गर्मी हर साल बढ़ रही है। अब इस बढ़ती गर्मी का असर हिंदुस्तान के विकास और जीडीपी पर पड़ रहा है। अत्यधिक गर्मी के चलते खेती के साथ ही अर्थव्यवस्था और लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में हुई एक स्टडी में खुलासा हुआ है। बता दें कि रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन की वजह से गरीबी, असमानता और बीमारियों को खत्म करने में देश की कोशिशें भी नाकाम हो रही हैं। इस स्टडी को स्कॉलर्स की एक टीम ने पब्लिश किया है। टीम के लीडर रमित देबनाथ ने कहा कि लू के चलते १९९२ से अब तक देश में २४ हजार से ज्यादा मौतें दर्ज हुई हैं। गर्मी के चलते वायु प्रदूषण बढ़ गया है और उत्तर हिंदुस्थान के पहाड़ों में मौजूद ग्लेशियर पिघलने लगे हैं। देश में जनवरी से अक्टूबर तक तकरीबन हर रोज खराब मौसम देखने को मिल रहा है, जिसकी वजह से देश को एक साथ कई सारी मौसमी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।


## सूचना

काही अपरिहार्य कारणाने आम्ही दातार कॉलनी येथील उमंग ट्रस्ट आयोजित कॉम्प्युटर पॅथॉलॉजी लॅब कांजूरमार्ग मेन भाजी मार्केट नागरिक स्टोअर जवळ शिफ्ट केली आहे .५०% पर्यंत Discounted रेट आहेत... त्याच बरोबर सिनिअर सिटीझन यांना होम विझिट उपलब्ध करून देऊ आपल्या गैरसोयीबद्दल क्षमस्व

– सौ अश्विनी कराडे

उमंग ट्रस्ट


PWD

**संचालक,**
**उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई.**
**बांधकाम भवन,२ रा मजला, २५ मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई – ४००००१.**

| | | |
|---|---|---|
| www.dirmum.pg@mahapwd.com | ☎ ०२२-२२०१६८५२ | फॅक्स ---------------- |

**निविदा सुचना क्र. ०७. सन २०२३-२४**

संचालक, उपवने व उद्याने, मुंबई यांचे कार्यालय, २ रा मजला, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई-४००००१, दुरध्वनी क्रमांक-०२२-२२०१६८५२ महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडून योग्य त्या कंत्राटदारांकडुन खालील कामाकरीता ब-१ नमुन्यातील निविदा मागवित आहेत. निवीदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार संचालक, उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, फोर्ट, मुंबई यांनी राखून ठेवला आहे अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| | |
|---|---|
| कामाचे नाव | १) सिटी सिव्हील कोर्ट, मुंबई येथे प्लॅटफॉर्म आणि पाईच लाईन्ससह पाण्याची टाकी बसविणे, सह्याद्री गेस्ट हाऊस् म. हिल येथे मागील बाजूच्या उद्यानाच्या कठडयांची दुरुस्ती व रंगकाम करणे, विधानभवन, मुंबई आवारातील प्लॅन्टरर्सचे रंगकाम आणि सर जे. जे. रुग्णालय आवारातील उद्यानातील तसेच टाकीजवळ पाणीपुरवठा पाईप लाइन्स बसविणे. (३३८/मार्च २३) **कामाची अंदाजीत रक्कम रु. ३,२९,९८७/-**<br>२) कुपरेज उद्यान मुंबई येथे ओपन ड्रेनवर लोखंडी जाळी तसेच पार्टीशनसाठी आर. सी.सी. जाळी बसविणे. मंत्रालय नर्सरी येथील स्टोअरमध्ये सिमेंट कॉंक्रीट कोब्यासह कुंडया अडकविणेसाठी जी. आय. पाईप आणि स्टोरेजसाठी लोखंडी स्टॅण्डची व्यवस्था करणे. तसेच म. गांधी उद्यान मुंबई येथील चेनलिंक फेन्सींग दुरुस्ती कर्बिंग आणि कंपोस्ट जवळ रफ शहाबाद फ्लोरीग करणे. (०७/एप्रिल २३) **कामाची अंदाजीत रक्कम रु. ३,७७,५०५/-**<br>३) शासकीय बंगले देवगीरी, मेघदुत, सागर, रामटेक, रॉकी हिल आणि चिफ जस्टीस हाऊस येथील उद्यानातील हिरवळीचे टॉप ड्रेसिंग करणे. (१०/एप्रिल २३) **कामाची अंदाजीत रक्कम रु. ४,३१,३८५/-** |
| निविदा उपलब्ध कालावधी | : **दि.१५/०५/२०२३** सकाळी १०.३० पासूनते **दि. २३/०५/२०२३** रोजी १६.०० पर्यत. (ठिकाण- संचालक, उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई यांचे कार्यालय, बांधकाम भवन, २ रा मजला, २५-मर्झबान पथ, फोर्ट, मुंबई ४००००१.) |
| निविदा स्विकारण्याची दिनांक | : **दि. २५/०५/२०२३** रोजी **१४.००** पर्यत (ठिकाण- संचालक, उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई यांचे कार्यालय, बांधकाम भवन, २ रा मजला, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई-४००००१) दुरध्वनी क्रमांक-०२२-२२०१६८५२ |
| निविदा उघडणे (शक्य झाल्यास) | : **दि. २५/०५/२०२३** रोजी **१७.००** पर्यत |
| **संचालक, उपवने व उद्याने, मुंबई – ४००००१ यांचे कार्यालयातील सूचना फलक.** | |

(वि.गो.रावळ)
**संचालक**
**उपवने व उद्याने**
**महाराष्ट्र राज्य, मुंबई.**

प्रतः- सहाय्यक संचालक, मुंबई, यांना माहितीसाठी व पुढील कार्यवाहीसाठी
प्रतः- शाखा अभियंता, मुंबई यांना माहितीसाठी सविनय सादर
प्रतः- उद्यान अधिक्षक, संचालक कार्यालय यांना माहितीसाठी

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C७०६

# मुंबई में बेलगाम दौड़ रही थी मर्चेंट नेवी जवान की BMW, रोड एक्सीडेंट में हुई महिला मित्र की मौत!

## मुंबई के साकीनाका से अंधेरी लौटने के दौरान हुआ हादसा...

**मुंबई:** रात में तेज गति से बीएमडब्ल्यू चलाना मर्चेंट नेवी के एक जवान को बहुत महंगा पड़ गया। बीएमडब्ल्यू के दुर्घटनाग्रस्त होने से नेवी के जवान की महिला मित्र की जान चली गई और जवान सहित तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। यह घटना शुक्रवार की रात लगभग साढ़े तीन बजे जोन-9 के जुहू पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले विलेपार्ले में हुई। मृतक महिला की पहचान पल्लवी भट्टाचार्य (29 वर्ष) के रूप में हुई है। पल्लवी कोलकाता में एक निजी कंपनी में काम करती थी। पुलिस के अनुसार, बीएमडब्ल्यू कार में चार लोग बैठे थे, जिनमें दो महिलाएं और दो पुरुष थे। गाड़ी को मर्चेंट नेवी का जवान अध्वर्यु विजय बदिकर (27) चला रहा था। उसके पास वाली सीट पर पल्लवी बैठी हुई थी। पिछली सीट पर अंकित खरे (38) बैठे थे और उसके साथ मर्चेंट नेवी में केबिन क्रू भारती राय (24) बैठी हुई थी। प्रथम दृष्टया यह मामला तेज रफ्तार से वाहन चलाने का है, लेकिन ड्रंक ऐंड ड्राइविंग ऐंगल से भी पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।

**रात में क्या हुआ था**

जुहू पुलिस के मुताबिक, रात करीब 3 बजकर 35 मिनट पर जुहू पुलिस को विलेपार्ले के वीएम रोड पर




दुर्घटना होने की जानकारी मिली। मौके पर पुलिस अधिकारी अनुश्री भरमगोंडा पहुंची। भरमगोंडा के अनुसार, विलेपार्ले से जुहू की ओर आने वाली दिशा में वीएम रोड पर सड़क किनारे एक बीएमडब्ल्यू क्षतिग्रस्त दिखाई दी। अंदर चार लोग थे। उन्होंने जख्मी लोगों को स्थानीय कूपर अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने पल्लवी को मृत घोषित कर दिया। पल्लवी पश्चिम बंगाल के दमदम की रहने वाली थी, जबकि गाड़ी चलाने वाला अध्वर्यु अंधेरी के लोखंडवाला स्थित डीएलएच आर्किड का निवासी है।

**जवान के मुंबई लौटने की खुशी में थी पार्टी**

जुहू पुलिस के अनुसार, अध्वर्यु अपनी दोस्त पल्लवी, अंकित और भारती के साथ साकीनाका के एक होटल में पार्टी कर लोखंडवाला जा रहा था। जांच में पता चला है कि जवान अध्वर्यु 4 या 5 दिन पहले ही विदेश से मुंबई आया था। इसी को लेकर सभी पार्टी मना रहे थे।

**सीसीटीवी में दिखी जानलेवा रफ्तार**

सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि देर रात सड़क खाली दिखने पर अध्वर्युअ काफी तेज गति से गाड़ी चला रहा था। इस वजह से उसका गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रहा और गाड़ी विलेपार्ले से जुहू आने के दौरान वीएम रोड पर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी की इसकी जद में आकर एक ऑटो रिक्शा और बीएमसी का एक वैन, जो सड़क किनारे पार्क था, वह भी क्षतिग्रस्त हो गया।

**पिछले महीने बाइक दुर्घटना में हुई थी मर्चेंट नेवी के जवान की मौत**

अप्रैल में विलेपार्ले के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर सहारा स्टार होटल के पास एक सड़क हादसे में मयूर पाटील (38) की मौत हो गई थी। मयूर मर्चेंट नेवी में तैनात था और तीन महीने की छुट्टी पर मुंबई आया हुआ था। वह किसी रिश्तेदार के शादी समारोह में बाइक से बोरीवली जा रहा था। इस दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी।

# मुंबई में इस सेट पर लगी आग, जलकर खाक हुआ पूरा स्टूडियो



**मुंबई :** कुछ महीने पहले टीवी एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा ने जिस सेट पर सुसाइड किया था वहां से बड़ी खबर आई है. बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र के पालघर में स्थित फिल्म स्टूडियो में आग लग गई. इस वजह से से पूरा सेट जलकर खाक हो गया है. रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि जिस भजनलाल स्टूडियो में टेलीविजन एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा बेहोश मिली थीं और इसके बाद उन्हें मृत बताया गया था...इसी स्टूडियो में 13 मई की सुबह भीषण आग लग गई. यह आग इतनी भयानक थी कि इसमें पूरा सेट जलकर राख हो गया. फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने जानकारी दी कि मुंबई के बाहरी इलाके वसई में कामन स्थित भजनलाल स्टूडियो में शुक्रवार (12 मई) को देर रात आग लग गई. उन्होंने बताया कि यह स्टूडियो कुछ समय पहले तुनीषा शर्मा की मौत की वजह से चर्चा में आया था.

**हालात पर काबू पा लिया गया है**

वसई-विरार शहर नगर निगम के फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट के अधिकारी ने बताया कि आग की खबर मिलते ही तुरंत टीम रवाना हुईं और सुबह चार बजे तक आग पर काबू पा लिया गया. उन्होंने जानकारी दी कि आग उसी भजनलाल स्टूडियो में लगी जहां पिछले साल 24 दिसंबर को एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा ने सुसाइड किया था. उस वक्त यहां 'अली बाबाः दास्तान-ए-काबुल' की शूटिंग चल रही थी और तुनीषा की लाश एक वॉशरूम में लटकी मिली थी.

तुनीषा के सुसाइड का जिम्मेदार उनके एक्स बॉयफ्रेंड शीजाना खान को बताया जा रहा था. कहा जा रहा था कि शीजान ने तुनीषा को आत्महत्या के लिए उकसाया. इस आरोप के अगले दिन ही शीजान को गिरफ्तार कर लिया गया था. 5 मार्च को वह जमानत पर रिहा हुआ. अब खबर है कि शीजान खतरों के खिलाड़ी सीजन-13 में नजर आने वाले हैं. वह इस स्टंट बेस्ड शो की शूटिंग के लिए साउथ अफ्रीका रवाना हो चुके हैं.

# मुंबई में जहाज से 15,000 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**मुंबई:** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और भारतीय नौसेना ने एक संयुक्त अभियान में लगभग 15,000 करोड़ रुपये मूल्य का 2,500 किलोग्राम उच्च शुद्धता मेथम्फेटामाइन जब्त किया है और कोच्चि तट से एक ईरानी पोत को रोककर एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध मदर शिप से ह्वेडथ क्रिसेंट क्रिस्टल मेथ'' के साथ 135 प्लास्टिक की बोरियां जब्त की गईं - मादक पदार्थों की तस्करी के लिए इस्तेमाल होने वाले बड़े समुद्री जहाज और समुद्र में अन्य जहाजों को वितरण के लिए चलने वाली बंदूक - जो मकरान से रवाना हुई थी। ऑपरेशन समुद्रगुप्त जब्ती ऑपरेशन समुद्रगुप्त का हिस्सा थी,



जो हिंद महासागर क्षेत्र के माध्यम से नशीले पदार्थों को ले जाने वाले जहाजों को लक्षित करता है। ठज्ञ के उप महानिदेशक (ऑप्स) संजय कुमार सिंह के अनुसार, जब्त किए गए कुछ पैकेटों पर ह्नमेड इन पाकिस्तान'' सील लगी हुई थी और इन्हें भारत, श्रीलंका और मालदीव में वितरित किया जाना था। भारतीय नौसेना को मदर शिप के बारे में अलर्ट मिला और उसने जहाज को रोक लिया, जिसमें बलूचिस्तान के मकरान तट से मेथम्फेटामाइन की एक बड़ी खेप तस्करी की गई थी। नौसेना ने शनिवार को जहाज को कोच्चि के मट्टनचेरी वार्फ तक पहुंचाया और आगे की कार्रवाई के लिए एनसीबी को सौंप दिया।

# कर्नाटक में बीजेपी की हार पर देवेंद्र फडणवीस ने दिया रिएक्शन

**मुंबई:** कर्नाटक विधानसभा चुनावों में बीजेपी की हार के बाद, पार्टी के नेताओं के रिएक्शंस सामने आ रहे हैं. कल आए नतीजों के बाद महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया सामने आई है. उप मुख्यमंत्री फडणवीस विधानसभा चुनावों में हार के बाद कहा कि हम कई चुनाव जीतते हैं, हम कुछ चुनाव हारते हैं, हमारी चुनावी दर दूसरों से बेहतर है.

उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि कर्नाटक चुनावों में हार के बावजूद लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करते हैं. उन्होंने कहा कि कभी- कभी स्थानीय क्षेत्रों में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं जिससे चुनाव में हार का सामना करना पड़ता है. हम अपनी हार का विश्लेषण करेंगे, हमें यह करने के लिए किसी और की जरूरत नहीं है. महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री सुधीर मुनगंटीवार के द्वारा एक



निजि चैनल पर दिये बयान पर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुनगंटीवार ने क्या कहा सुना नहीं.

**डिप्टी सीएम फडणवीस ने कल जीतन वालों को दी थी बधाई**

इससे पहले कल डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने जीतने वालों को बधाई देते हुए कहा था कि कर्नाटक चुनाव में हमें सफलता नहीं मिली यह सत्य है और मैं जीतने वालों को बधाई देता हूं. उन्होंने कर्नाटक में रीपीट सरकार न बनने को लेकर कहा कि वहां के विधानसभा चुनावों का विश्लेषण करें तो देखेंगे कि 1985 से वहां किसी भी पार्टी की रीपीट सरकार नहीं बनी है. डिप्टी सीएम ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि इस बार हम ये ट्रेंड तोड़ने में कामयाब रहेंगे, लेकिन हम वहां ऐसा करने में नाकाम रहे. कर्नाटक में 2018 में हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी को 106 सीटों पर कामयाबी मिली थी, दौरान हमारा वोट शेयर 36 फीसदी था. उन्होंने कहा कि इस बार हमें 35.60 फीसदी वोट मिले हैं ये अंतर सिर्फ 0.40 फीसदी के आसपास है, इस बार वोटिंग परसेंटेज पर ज्यादा असर नहीं पड़ा लेकिन बहुमत के लिए जरुरी सीट जीतने में नाकाम रहे.

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com